### Alleged forcible parade of 3 naked woemen in village Hosahalli, District Raichur, Karnataka

**श्रीमती सुधा विजय जोशी** (महाराष्ट्र) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान और सरकार का ध्यान एक अत्यंत शर्मनाक और घिनौनी घटना की ओर आकर्षित करना चाहती हूं और एक महत्वपूर्ण मामला इस सदन मे उठाना चाहती हूं।

कर्नाटक के रायचूर जिला में तुरा विहाल पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत होसाहल्ली गांव में 30 अगस्त को तीन महिलाओं को नंगा करके पूरे गांव में शाम के पांच बजे से लेकर साढ़े छह बजे तक घुमाया गया है। किसी नागप्पा नामक एक व्यक्ति की हत्या का बदला लेने के उद्देश्य से यह घृणास्पद हत्याकाण्ड हुआ। यह एक प्रकार की हत्या ही मैं कहती हूं क्योंकि स्त्री का जो मन है, उसकी इसमें हत्या की गई है। चार महिलाओं को बदले की भावना से गांव में नंगा घूमाने का इरादा था, लेकिन एक महिला उससे बच करके निकल गई और तीन महिलाएं इस अत्याचार का शिकार हो गई। जिन्होंने यह अत्याचार किया उनमें से —इन तीनों में से एक महिला के पिता और भाई लगते है। ऐसा पिता समस्त पिता के रिश्ते पर लांछन है और ऐसा भाई जो बहिन की इज्जत बचाने की बजाए उसकी इज्जत पूरे गांव में उछालता है, यह भाई राखी का बंधन तो छोड़िये मानवता का बंधन भी वह नहीं मान रहा है। तो वह मनुष्य कहलाने के लिए भी लायक नहीं है। इस पाप और गुनाह के लिए उनको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए पुलिस ने उनमें से किसी को भी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया। तो पुलिस के इस निकम्मेपन का क्या कारण है? पुलिस से एक्सप्लेनेशन पूछना चाहिए और अगर पुलिस दोषी ठहरे, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। महिलाओं के ऊपर जो अत्याचार होते हैं, वह न हों, इसके लिए ढेर सारे कानून हमारी सरकार ने बनाये है, फिर भी यह अत्याचार होते ही रहते हैं और फिर भी हमारे सुसंस्कृत देश में इतनी भयानक घटना हो सकती है। इस पर हम सब को बड़ी ही गहराई से विचार करना चाहिए और इस घटना की पूरी जांच तुरंत की जाए, इसकी मैं आपके माध्यम से माग कर रही हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): We are adjourning the House at 3.45 today because *of the exhibition on* Sarvepalli Radhakrishnan.

Shri Bhajan Lal to make a statement.

---

## STATEMENT BY MINISTER

### Regarding Procurement/Minimum Support prices of Rabi Crops of 1988-89

**कृषि मंत्री (श्री भजन लाल)** : महोदय, सरकार ने वर्ष 1989-90 के मौसम में बेची जाने वाली 1988-89 की रबी फसलों की वसूली के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किये हैं।

अच्छी औसत किस्म के गेहूं का वसूली मूल्य 1988-89 विपणन मौसम के दौरान 173 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ा कर 1989-90 विपणन मौसम के लिए 183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जोकि चालू वर्ष से 10 रुपये प्रति क्विंटल अधिक होगा।